जिला विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 07.10.2023 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

उपस्थिति

1— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
2— जिला कृषि रक्षा अधिकारी
3— जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
4— प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, चरगॉवा
5— भूमि संरक्षण अधिकारी,जल संसाधन
6— प्रधान सहायक, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी,कृषि
7— जिला कृषि अधिकारी
8— समस्त खण्ड विकास अधिकारी,
9— श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0 व अन्य
10— प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
11— टीम लीडर मेधज व अन्य
12— जिला कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, व अन्य स्टाफ
13— समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
14— जिला कोआर्डिनेटर आई0एस0ए0

दिनांक 07—10—2023 को अपरान्ह 3.30 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड पिपरौली के ग्राम पंचायत नन्दापार, खानिमपुर, बहरामपुर का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत नन्दापार में कार्यस्थल पर सामग्री समाप्त पाया गया तथा कार्य की प्रगति काफी धीमी पायी गयी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खानिमपुर में कार्य की प्रगति बहूत धीमी पायी गयी, मात्र एक मिस्त्री और दो लेबर लगे हुए हैं कार्य पिछले साल भर से चल रहा है परन्तु अभी तक ओ0एच0टी0 स्ट्रक्चर का काम शुरू नहीं हो पाया है। लगभग 3फिट मिट्टी भराई होना शेष है।

ग्राम पंचायत बहरामपुर में बाउन्ड्रीवाल का कार्य अभी शेष है, फाउन्डेशन में Brick Ballast का प्रयोग न करते हुए सीधे Brick Work प्रारम्भ कर दिया गया है। ईंट अघोमानक गुणवत्ता के पाया गया। बी0जी0एल0 फाउंडेशन में भी प्रथमदृष्टता अधोमानक गुणवत्ता की ईंटें दिखाई दे रही है। कार्यस्थल बरसात में लगभग दो माह तक 2—3 फीट पानी में डूबा रहता है, परन्तु बाउन्ड्रीवाल के परिकल्पना में आर0सी0सी0 पिलर का प्रावधान नहीं है, जिससे इसकी उपादेयता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 को निर्देशित किया की कार्यो में तेजी लाये, कार्य स्थल पर सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायें जिससे कार्य का संचालन तेजी से हो सके।

**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )**

**खण्ड विकास अधिकारी ब्रम्हपुर** ने ग्राम पंचायत परसौनी, रामपुर, ब्रम्हपुर, कोल्हुआ, मठिया, भैसहीनरेश, बेनीजोत खरहरा, भिस्वा, हरपुर, बोहाबार, हरैया, कोना सोनबरसा, करही, नेवढ़ी, खैरखुटा, भरकक्षा, सरार मझगॉवा, गजाईकोल, बक्सूडी, मुण्डेरा ठकुराई, का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत परसौनी, भैसही नरेश, बेनीजोत खरहरा, भिस्वा, मुण्डेराठकुराई, नेवढी, सरारमझगॉवा में सिर्फ जमीन चिन्हांकन किया गया है, कार्य प्रारम्भ नही है।

तथा ग्राम पंचायत रामपुर, ब्रम्हपुर, कोल्हुआ, मठिया, हरपुर, बोहाबार, हरैया, कोनारकोनबरसा, खैरखुटा, भरकक्षा, गजाईकोल, बक्सूढी में टंकी नहीं बना है, स्टाफ क्वार्टर नहीं बना है, बाउण्ड्रीवाल नहीं बना है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को कार्यो में तेजी लाते हुये कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/के0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

**खण्ड विकास अधिकारी भटहट** ने ग्राम पंचायत रामपुर खुर्द, करम्हा खुर्द, मोहिउद्दीनपुर, जंगल सेमरा, अतरौलिया, करम्हा बुजुर्ग, जं0डुमरी नं0–, परसुरामपुर, महरी, आराजी चिलबिलवा, चकिया, भलुही, जंगल हरपुर, बजहाँ, बरगदही, नियामतपुर, फुलवरिया, चिउराडीह का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत रामपुर खुर्द, करम्हा खुर्द, मोहिउद्दीनपुर, जंगल सेमरा, अतरौलिया, में जगह जगह पानी का पाईप खराब पाया गया है। ग्राम पंचायत, परसुरामपुर, महरी, आराजी चिलबिलवा, चकिया, भलुही, जंगल हरपुर, बजहाँ, बरगदही, नियामतपुर, में पाईप बिछाने हेतु सड़क तोड़ दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिस ग्राम पंचायत में पाइप के खराब होने से पानी की सप्लाई नही हो रही है उसे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को बदलवाने का निर्देश दिया गया, तथा निर्देशित किया गया कि पाइप बिछाने में जहाँ भी सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क क्षतिग्रस्त हुई है उसको ठीक कराना सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीणो के आवागमन में कोई असुविधा न हो।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/के0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

**खण्ड विकास अधिकारी जंगल कौड़िया** ने ग्राम पंचायत फुलवरिया का सत्यापन कर आख्या प्रेषित किया है जिसमें पाईप कनेक्शन हुआ है परन्तु पानी का सप्लाई नही हो रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया की कमियों को ठीक कराकर ग्राम पंचायत फुलवरिया में पानी की सप्लाई कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/के0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, गोरखपुर** ने विकास खण्ड गगहा के बेदौली, बेरियार, नरायनपुर खुर्द, समयस्थान भीटी तथा विकास खण्ड बड़हलगंज के ग्राम पंचायत सेमरा बुजुर्ग, सेमरा खुर्द, मोहन पौहरिया का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत सेमरा बुजुर्ग, सेमरा खुर्द, मोहन पौहरिया में कार्य बन्द पाया गया है। विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत नरायनपुर खुर्द में ईंट की गुणवत्ता ठीक नही पायी गयी है।

कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि खराब ईंट को बदलवा दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया की उक्त ग्राम पंचायतो में बन्द पड़े कार्यो को तत्काल प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें तथा ईंट प्रथम् श्रेणी का प्रयोग किया जाय।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/के0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

निर्देशित किया गया कि समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी आवंटित विकास खण्ड में प्रत्येक माह कम से कम 10 ग्राम पंचायतो का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायें। सभी अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण अपने अपने आवंटित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करे, तथा बन्द पड़ी परियोजनाओ में पायी गयी कमियो को खण्ड विकास अधिकारी के संज्ञान में लाये एवं उन्हे ठीक कराकर संचालन कराना सुनिश्चित करे।

मेसर्स एन0सी0सी0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यस्थलो पर वृक्षो के होने से तथा कुछ स्थानो पर कोर्ट केस एवं स्थानीय विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है।।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिस कार्यस्थल पर वृक्ष है एवं जहॉ स्थानीय विवाद है उसकी सूची उपलब्ध करायें, जिससे सम्बन्धित प्रकरण का निस्तारण कराया जा सकें। उपस्थित सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त स्थानो को स्वयं जाकर देख लें, तथा मामलों का निस्तारण कर कार्य प्रारम्भ कराया जाय, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग भी प्राप्त किया जाय।।

(हस्ताक्षर) 10/10/23

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 2732 /दिनांक 10-10-2023

<u>प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1– जिलाधिकारी, गोरखपुर।।
2– मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर।।
3– समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।।
5– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।।
6– मेसर्स एन0सी0सी0लि0 / मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।।
7– मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।।
8– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।।

(हस्ताक्षर) 10/10/23

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर